हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 24 जनवरी 2024

04 नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर हुए अनेक...

08 सर्द हवाओं से ठिठुरे लोग, तापमान में गिरावट से...




## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 3915 | 3915 |
| गेहूं 1544 | 2240 | 2861 |
| चना | 5000 | 5531 |
| मसूर | 5000 | 6014 |
| सोयाबीन | 3100 | 4650 |
| सरसों | 4200 | 5711 |
| धान | 1600 | 4048 |
| तुअर | 6500 | 6500 |
| मक्का | 2082 | 2082 |

## खबर संक्षेप

### फायनल रिहर्सल आज

**विदिशा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में शामिल कार्यक्रमों की फायनल रिहर्सल आज सुबह 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड पर होगी। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव व एसपी दीपक कुमार शुक्ला आज फायनल रिहर्सल का जायजा लेंगे। 26 जनवरी के दिन शासकीय योजनाओं एवं विकास पर आधारित 15 विभागों द्वारा झांकियां निकाली जाएंगी। चार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### उज्जवला योजना के कम आवेदन मिले

**विदिशा।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत जिले के 25 हजार नए हितग्राहियों को गैस कनेक्शन दिया जाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कुल 11 हजार ही आवेदन प्राप्त हुए हैं। शेष 14 हजार लक्ष्य पूर्ति के लिए पात्रताधारी हितग्राहियों से आवेदन करने की अपील की गई है।

### जिला पंचायत की सामान्य बैठक 31 को

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी की अध्यक्षता में जिपं की सामान्य बैठक बुधवार 31 जनवरी को होगी। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने बताया कि बैठक जिला पंचायत के सभागार कक्ष में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी।

### समर्थन मूल्य पर 1116 मैट्रिक टन धान खरीदी

**विदिशा।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने समीक्षा की। जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू ने बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर जिले के पंजीकृत 155 किसानों से कुल 1116 मैट्रिक टन धान खरीदी गई है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने करने वाले किसानों को कुल 243.8 लाख रुपए का भुगतान किया जाना है। जिसमें से 208 लाख का भुगतान संबंधित किसानों को किया जा चुका है।

### 26 को शराब दुकानें बंद

**विदिशा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी शुक्रवार को जिले में शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश कलेक्टर उमाशंकर भार्गव द्वारा जारी किए गए हैं। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी शुक्रवार को जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानों से शराब बिक्री बंद रहेगी। मद्य भण्डागारों से मदिरा परिवहन प्रतिबंधित रहेगा। संबंधितों को जारी आदेश का पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है।

### समीक्षा बैठक में पटवारी व कोटवारों को प्रेरित करने का दिया सुझाव

# राजस्व महाअभियान में लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई:डीएम

- राशन दुकानों को अब नहीं मिलेगा अतिरिक्त आवंटन, गड़बड़ी मिलने परे सीधे कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की राजस्व महाअभियान में कोताही न बरती जाए। इस अभियान में लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सभी एसडीएम से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बात करते हुए निर्देश दिए की अधीनस्थ राजस्व अमले को अभियान को सफल बनाने प्रेरित करें। ताकि राजस्व अभियान को समय सीमा में शत प्रतिशत पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा की पटवारी और कोटवारों को मोटिवेट किया जाए।

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि जिले में राजस्व अभियान के तहत अब तक 85 प्रतिशत गांव में बी-वन का वाचन किया जा चुका है। इसके अलावा नामांतरण बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य प्रकरणों से संबंधित अभियान के पूर्व के 2497 तथा अभियान अवधि के दौरान 933 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन सभी आवेदनों का अभियान समाप्ति के पहले निराकरण किया जाना है। वहीं कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने मंगलवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान समस्त एसडीएम और खाद्य विभाग के अधिकारियों को सचेत करते हुए निर्देशित किया है कि उचित मूल्य दुकानों के लिए अतिरिक्त खाद्यान्न का आवंटन दो माह के बाद मिलना बंद हो जाएगा ऐसे निर्देश प्राप्त हो चुके हैं। कलेक्टर श्री भार्गव ने संबंधितों को निर्देशित किया है कि उचित मूल्य दुकानों में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई करें। कलेक्टर भार्गव ने कहा कि हरेक उचित मूल्य दुकान पर उपभोक्ताओं की संख्या स्पष्ट है। संख्याओं के आधार पर कार्डों के मान से उचित मूल्य दुकानों को खाद्यान्न सहित अन्य सामग्री का आवंटन जारी किया जाता है। इसके बावजूद नटेरन एवं सिरोंज तहसील की अनेक उचित मूल्य दुकानों के द्वारा बार बार अतिरिक्त आवंटन की मांग की जा रही है। उक्त आवंटन के संबंध में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने भी निर्देशित किया गया है।



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर भार्गव।

### एक भी टोला न छूटे जो रोड से जुड़ा हुआ न हो

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने पीव्हीटीजी योजना जनमन के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने इस योजना तहत जिले में क्रियान्वित कार्यों के संबंध में कहा कि जिले में सहरिया आदिवासी क्षेत्र का ऐसा एक भी टोला न छूटे जो रोड से जुड़ा हुआ न हो। सहरिया आदिवासी परिवारों को सड़क अपनी बिल्डिंग समय बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित की जाए यह हम सब की नैतिक जवाबदेही है। जनमन योजना के तहत सहरिया आदिवासी परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही इस योजना का लक्ष्य है। भारत सरकार द्वारा इस योजना तहत जितने विभागों की जितनी भी योजनाएं हैं उन सभी योजनाओं में सहरिया आदिवासी परिवारों को लाभ मिले।

### बोर्ड परीक्षा पारदर्शी तरीके से हो: डीएम

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बैठक में कहा कि आगामी दिनों में बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ होंगी। बोर्ड परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं न हों। बोर्ड परीक्षा के पेपर परीक्षा केंद्रों पर बिना किसी गड़बड़ी के पहुंच जाए। इसके लिए अभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### पेंशनरों की ई-केवायसी कराएं

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने कहा कि जिले में लाभान्वित हितग्राही जिन्हें पेंशन प्राप्त होती है। उन्हें पेंशन प्राप्त होने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। ई-केवाईसी कराए जाना आवश्यक है। बैठक में बताया गया की पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राही ई-केवाईसी कराएं ताकि पेंशन प्राप्त होने में किसी भी प्रकार की रुकावट ना हो। इस हेतु शासन की योजनाओं में जिन हितग्राहियों की ई-केवाईसी नहीं हुई है। उनकी ई केवाईसी कराई जाने के लिए एसडीएमों को निर्देश दिए हैं।

### राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर हमले का विरोध

# कांग्रेस का भाजपा पर आरोप राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया


विदिशा। हमले के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरु होकर नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश की सफलतापूर्वक यात्रा करने के बाद अब असम में प्रवेश कर चुकी है। असम में यात्रा पर हमला करने के विरोध में जिला कांग्रेस के नेतृत्व में एक ज्ञापन कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम दिया। जिसमें मांग की गई कि असम प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर असम सरकार के संरक्षण में हमला करने वाले उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कहा कि हमारे देश के युवाओं महिलाओं और हासिये पर पड़े लोगों के लिए न्याय की मांग करने यह यात्रा शुरु की गई है। राहुल गांधी की शांतिपूर्ण यात्रा को बाधित करने की पुरजोर कोशिश हो रही है। भाजपा के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा जो कि असम में इस यात्रा को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दो दिनों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर सुनियोजित हमले और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। इन उपद्रवियों द्वारा यात्रा की पोस्टर को हटा दिया गया है। जानबूझ कर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रियों को परेशान किया जा रहा है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश कटारे ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा के काफिले पर कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। ज्ञापन के पूर्व नेताजी सुभाष चंद्रबोस की जयंती के अवसर पर सेवादल साथियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## नगरपालिका नाकेदारों के साथ बैठक कर सांसद प्रतिनिधि शर्मा ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगरपालिका कार्यालय में सासंद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने सभी नाकेदारों की बैठक ली। बैठक प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, विधवा पेंशन, नल जल योजना सहित सभी नगरीय निकायों की योजनाओं के संबंध में चर्चा की। नपा में पेंडिंग नामांतरण के संबंध में सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए की प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त हितग्राहियों को समय पर मिलना चाहिए नाकेदार इस बात का विशेष ध्यान रखें। सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कहा कि नगरीय निकायों की योजनाओं की समीक्षा की बैठक में सभी नाकेदारों से विस्तृत जानकारी ली है। हितग्राहियों को किसी योजना का लाभ लेने में कोई आसुविधा न हो ऐसे निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा की सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए। क्योंकि कई वार हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए भटकना पड़ता है।



### समस्याएं सुनने शुरू की गई जनसुनवाई

सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने बताया की हितग्राहियों को कोई आसुविधा न हो इसके लिए समीक्षा की जा रही है। प्रत्येक मंगलवार को नपा में जनसुनवाई भी की जा रही है। सभी विभाग के अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार सहित सभी अधिकारी मौजूद रहते हैं। लोगों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाता है। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।

### सांस्कृतिक विभाग प्रथम 10 जिलों को पुरस्कृत करेगा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के पावन पर्व पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य कार्यक्रमों के फोटोग्राफ्स संस्कृति विभाग द्वारा आमंत्रित किए गए हैं। जानकारी देते हुए कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बताया कि पहली बार संस्कृति विभाग विभाग द्वारा प्रथम 10 जिलों को उत्कृष्ट फोटोग्राफी कार्यो के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। कलेक्टर भार्गव ने गणतंत्र दिवस पर मुख्यालय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की फोटोग्राफी ड्रोन से कराए जाने पर सहमति दी है ताकि प्रथम 10 जिलों की पुरस्कृत होने वाली सूची में जिला शामिल हो सकें।

## लिटिल ओलम्पियंस की अरवी नेमा मैथ ओलम्पियाड में प्रथम

### इंटरनेशनल रैंक 1 प्राप्त कर बढ़ाया स्कूल का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




लिटिल ओलम्पियंस की कक्षा 1 की छात्रा अरवी नेमा ने एसओएफ द्वारा आयोजित मैथ ओलम्पियाड में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और रीजनल एवं इंटरनेशनल रैंक एक प्राप्त की है।

इसी स्कूल के कक्षा 2 के छात्र दिव्यांश दुबे ने मैथ ओलम्पियाड में इंटरनेशनल रैंक 6 प्राप्त की। दोनों ही विद्यार्थियों को नगद पुरुस्कार के साथ-साथ गोल्ड मेडल दिया जाएगा। साथ ही ओलम्पस हाई स्कूल की कक्षा 6 की छात्रा मान्या कोठारी ने मैथ, इंग्लिश एवं साइंस ओलम्पियाड में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर द्वतीय चरण में प्रवेश पा लिया है। इनके अलावा ओलम्पस हाई के इशित कुमार, अथर्व राज सिंह, अभि रघुवंशी, वेद रघुवंशी, आध्वन वशिष्ठ, श्रेयांशी दांगी और अतिशय जैन भी मैथ ओलंपियाड के द्वितीय चरण में पहुंचने में कामयाब रहे। बच्चों की इस एतिहासिक सफलता पर स्कूल प्राचार्या प्राची रघुवंशी व संचालक मोहित रघुवंशी ने सभी को बधाई दी है।

### ग्रामीणों को नशे से दूर रखने किया जागरुक

**विदिशा।** ग्राम पंचायत ककरु व हरिसिंह मूडरा में मंगलवार को एक दिवसीय दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता अभियान चलाकर ग्राम शाला परिसर तथा गांव के रोड एवं नालियों की सफाई की गई। इस अवसर पर स्वीप गतिविधि तथा नशा मुक्ति के अंतर्गत जनचेतना एवं नशामुक्ति रैली निकालकर जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो गई है। उनको अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच पति अरविंद अहिरवार, ग्रामवासी उपसरपंच गौरव शर्मा, शाला शिक्षिका लक्ष्मी जोशी, ममता जैन, प्रो. द्विवेदी, डॉ दिनेश शाह, प्रो अजय सिंह राजपूत, प्रो बीएम बघेल, प्रो अनिल द्विवेदी का सहयोग रहा।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 को

**विदिशा।** 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन गुरुवार 25 जनवरी को जिले में किया गया है। कार्यक्रम ऑडिटोरियम हाल में सुबह 11 बजे से होगा। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी-2023 के अवसर पर विभाग प्रमुख अपने मुख्यालय पर समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को सुबह 11 बजे शपथ दिलाई जाएगी। आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार समस्त गतिविधियों को संचालन करते हुये, फोटोग्राफ एवं वीडियो उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## झांसी को हराकर सागर डिवीजन सेमीफाइनल में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कृषाभाऊ ठाकरे खेल परिसर में खेली जा रही 54वीं अखिल भारतीय कनारा टी-20 प्रतियोगिता के चौथे दिन पहला मुकाबला सागर डिवीजन और झांसी के मध्य खेला गया। अतिरिक्त कलेक्टर राजेश गुप्ता ने आयोजन के लिए व शानदार ग्राउंड के लिए कनारा क्लब को बधाई दी। झांसी की टीम ने टॉस जीतकर सागर टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। शुरुआती झटकों से उभरती हुई सागर की टीम ने कप्तान शांतनु त्रिपाठी की शानदार 47 रनों की पारी अवधेश के 24 और अभिजीत के 20 रनों की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 138 रन बनाएं। नवीन ने चार विकेट लिए। जिसके जवाब में झांसी की टीम 111 रन पर ही सिमट गई। झांसी की ओर से शुभम सिंह ने सर्वाधिक 42रन बनाए। सागर के गेंदबाज विनीत सिंह, एमपी सिंह और सत्यम सिंह ने तीन तीन विकेट लिए।

### शानदार गेंदबाज सत्यम सिंह को मैन ऑफ द मैच

शानदार गेंदबाजी के लिए सत्यम सिंह को मैन ऑफ द मैच पूर्व पार्षद मनमोहन यादव व पत्रकार अटल तिवारी द्वारा दिया गया। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला क्रिकेट परफॉर्मेंस मुंबई और भोपाल डिविजन के मध्य खेला गया। जिसका शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ योगेश भरसट व एडिशनल सीईओ पंकज जैन द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। सीईओ योगेश भरसट ने बताया कि वे इस ग्राउंड पर लगातार खेलने आते रहते हैं और क्लब के लोगों का समर्पण सराहनीय है। इस स्तर के ग्राउंड और आयोजन कम ही स्थान पर हैं। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और लगातार झटकों से जूझ रही मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 90 ही रन बना सकी। भोपाल के गेंदबाज तनिष्क यादव ने तीन, नमन ने दो और आदित्य ने दो विकेट लिए। 90 रन का पीछा करने उतरी भोपाल डिविजन 12वीं ओवर में ही पांच विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल किया। पलाश चौधरी ने शानदार 43 रन की पारी खेली मयंक दुबे और उमर ने मुंबई की ओर से दो-दो विकेट लिए। तनिष्क यादव को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लोधी समाज के जिला अध्यक्ष महेंद्र लोधी द्वारा दिया गया।

## जनसुनवाई में मौके पर ही 22 आवेदनों का निराकरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार को जनसुनवाई में 47 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर के द्वारा मौके पर 22 आवेदनों का निराकरण किया गया। अपर कलेक्टर डामोर ने शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर व नोडल अधिकारी विष्णुप्रसाद यादव समेत अन्य विभागों के आधिकारियों ने पंक्तिबद्ध बैठकर निराकरण कराया।



## राम कथा के पांचवें दिन राष्ट्रीय कथा वाचक रमा किशोरी का हुआ आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बायपास पर स्थित आकृति परिसर कॉलोनी में 8 वर्षीय अनुष्का पाठक द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा के पांचवें दिन की कथा सुनाई। भक्तों ने भगवान श्रीराम जी के भजनों पर जमकर नृत्य किया।

अयोध्या में भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के ही दिन आकृति परिसर कॉलोनी में भी भगवान श्रीराम सहित अन्य देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा एवं कुंडात्मक श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ हुआ। 11 हजार दीपों से भगवान श्रीराम की भव्य महाआरती की गई। इस दौरान आकृति परिसर कॉलोनी के संचालक एवं कार्यक्रम आयोजन बंटी रघुवंशी एवं जगदीश रघुवंशी ने कहा की भगवान श्रीराम सबके आराध्य हैं। अयोध्या सहित पूरे भारतवर्ष में जश्न मनाया गया। संगीतमय श्रीराम कथा के पांचवें दिन मंगलवार को श्रीराम कथा वाचिका रमा किशोरी का आगमन हुआ। जिनके भजन राम आएंगे की धुन पर पंडाल में उपस्थित हजारों की संख्या में भक्त जमकर झूमे। किशोरी जी ने कहा की श्रीराम कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।



### विद्यालय प्रांगण में प्रभु श्रीराम की महाआरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया

## वात्सल्य के छात्रों ने राम के गीतों पर दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा होने के अवसर पर मंगलवार को वात्सल्य विद्यालय प्रांगण में प्रभु श्रीराम की महाआरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रभु श्री राम की महाआरती की। कार्यक्रम में संस्था की ओर से आरके अरोरा, संस्था की संचालक देवना अरोरा, नम्रता अरोरा एवं प्रतीक कोहली ने सभी आमंत्रित अतिथि विधायक श्री टंडन, राकेश शर्मा, मनोज कटारे, अशोक गोयल, संदीप डोंगर सिंह, शैलेन्द्र भदौरिया, अतुल शाह, सुरेश शास्त्री, संजय पुरोहित, राजेश जैन एवं धर्मेन्द्र दांगी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने ''राम आयेंगे- राम आयेंगे मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे राम आयेंगे'' की आकर्षक प्रस्तुति दी। जिसे देखकर अतिथिगणों ने भाव-विभोर होकर करतल ध्वनि से खूब सराहा।



### 500 वर्षों की तपस्या

प्रतिष्ठा महोत्सव के इस अविस्मरणीय क्षण को स्थायी रूप से अपने मानस पटल पर अंकित कर लेने के उद्देश्य से विद्यालय के वार्षिक कैलेंडर 2024 का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। विद्यालय के समस्त छात्रों को कैलेंडर वितरित किए। छात्र, छात्राओं को संबोधित करते हुए अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि 500 वर्षों की कठिन तपस्या एवं सतत संघर्ष के परिणाम से हमें यह अविस्मणीय, अलौकिक क्षण देखने को मिला, जिसके हम सभी साक्षी बने। निष्चित रूप से हम और हमारी आने वाली पीढ़ी मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम के त्याग, तपस्या और उनके आदर्शों को अपने मन एवं हृदय में आत्मसात करते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बनायेगी। जिससे हमारा जीवन और अच्छी तरह धन्य हो सकेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की संचालक देवना अरोरा ने सभी अतिथियों का आभार मानते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव-3935
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2498
उच्चतम भाव-3275
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2522
चना
न्यूनतम भाव-4790
उच्चतम भाव-5345
मसूर
न्यूनतम भाव-5050
उच्चतम भाव-5971
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-4650
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4401
उच्चतम भाव-4450
सरसों
न्यूनतम भाव-4875
उच्चतम भाव-5690
उड़द
न्यूनतम भाव-4450
उच्चतम भाव-7000
धान
न्यूनतम भाव-1560
उच्चतम भाव-4050
ज्वार
न्यूनतम भाव-1720
उच्चतम भाव-7030
मूंग
न्यूनतम भाव-5410
उच्चतम भाव-5410
तुअर
न्यूनतम भाव-6800
उच्चतम भाव-7390
अलसी
न्यूनतम भाव-4725
उच्चतम भाव-4725
बटरी
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-3800

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 9782 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

### शहर वाचनालय में पाठक संघ ने मनाया युवा दिवस

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर हुए अनेक आयोजन, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





मंगलवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127 वीं जयंती पर नगर में अनेक आयोजन हुए। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर नगर के सुभाष निकेतन हायर सेकंडरी ने धूमधाम से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण व पुष्पांजलि की गई। विद्यालय के संचालक अखिलेश श्रीवास्तव ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके बाद विद्यालय से सुभाष चौक तक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी कक्षाओं के लगभग 500 भैया, बहिनों ने भाग लिया। इस शोभायात्रा में बड़ी कक्षाओं की बहिनें रानी लक्ष्मीबाई बनकर शामिल हुई। जिन्होंने अपने हाथ में तलवार ली हुई थी एवं सर पर पगड़ी बांधी हुई थी। शोभायात्रा ने सुभाष चौक पर पहुंचकर सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर आमंत्रित नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद विद्यालय के संचालक अखिलेश श्रीवास्तव ने माल्यार्पण किया। नगर के वरिष्ठ पत्रकार सौदान सिंह यादव, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास एवं सुभाष चौक के गणमान्य नागरिकों ने भी माल्यार्पण किया। इस मौके पर बच्चों को मिष्ठान वितरण सुभाष चौक समिति द्वारा किया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने भी तलवारबाजी का हुनर दिखाया। शोभा यात्रा का समापन सुभाष चौक से वापस लौटकर सुभाष निकेतन स्कूल में किया गया।

शोभायात्रा में अंग्रेजी माध्यम के माय स्कूल के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का आभार विद्यालय की प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। वहीं शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई। जिसमें वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि उनका जन्म 23 जनवरी 1897 में उड़ीसा के कटक जिले में हुआ था। उन्होंने आईसीएस परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया और उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का पद भी चुनाव लड़कर प्राप्त किया। उन्होंने कहा देश के नागरिक उनके सिद्धांतों को अपने आचरण में उतारें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को शहर वाचनालय पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी, वाचनालय पाठक संघ के प्रभारी सतीश शिल्पकार, पूर्व पार्षद चंद्र प्रकाश अग्रवाल, कैलाश नेमा, राज शर्मा, कृष्णकांत, छोटेलाल नामदेव, टीपू सोलंकी, शिवकुमार, शरद जैन, बबलू राय, सतीश जैन राजा अरोरा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## प्रतियोगिताओं में एसजीएस कॉलेज के विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिनों आयोजित हुई विश्वविद्यालयीन युवा उत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं ने जिला की ओर से महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में अनामिका उपाध्याय बीए प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान, सुदेश जाटव एमएससी प्रथम सेम ने द्वितीय स्थान, प्रश्न मंच में शोहिब खान बीएससी प्रथम वर्ष, रितिक राठौर बीएससी प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य, लोक नृत्य में साक्षी कुशवाह, पूनम कुशवाह, स्नेहा साहू, आरती साहू, सलोनी साहू, स्नेहा राजपूत, साक्षी रैकवार, सुहानी यादव कक्षा बीए प्रथम वर्ष के समूह नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया। संगतकार के रूप में महाविद्यालय की सृष्टि तिवारी एवं शनिकेत वर्मा ने वाघयंत्रो के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय में निकाली गई शोभा यात्रा मार्च फास्ट में भी महाविद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता के द्वारा सभी विद्यार्थियो को बधाई दी गई एवं आगे की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

महाविद्यालय युवा उत्सव प्रभारी डॉ. विजय शाक्य, ने अगले स्तर पर विद्यार्थियों को और अच्छा प्रदर्शन करने की बात कही। टीम मेनेजर के रूप में सुमन विश्वकर्मा महाविद्यालयीन छात्रों के दल को लेकर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में उपस्थित थीं।

## शबरी के साथ नपाध्यक्ष ने खिलाए श्रीराम को बेर, सेंटएसआरएस में कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेण्डरी परिसर में राममय धार्मिक वातावरण प्रकट होता दिखाई दिया। स्कूल के मैदान में बनाए गए भारत के विराट मानचित्र में भगवान राम की जननी जन्मभूमिश्च के सुवाक्य को प्रकाशित करती नगरी अयोध्या एवं भगवान श्रीराम लक्ष्मण, सीता, भरत शत्रुघन के साथ विराट स्वरूप में साकार होते दिखाई दिए। भगवान श्रीराम का अयोध्या के श्रीराम मंदिर में जहां प्राण प्रतिष्ठा का भव्य दिव्य आयोजन किया गया। वहीं स्कूल परिसर में जगमगाती बिजली की झालरों और मिट्टी से बने टिमटिमाते दीपकों की रोशनी से जगमगाता परिसर भगवान राम के आगमन की गाथा सुनाता हुआ प्रतीत हुआ।

इस दौरान एक अवसर ऐसा भी आया जब शबरी माता भाव विह्वल होकर अपनी झोपडी में आए भगवान राम को पुत्रवत भाव-भावनाओं से ओतप्रोत होकर बेर खिला रही थी, वहीं इस भावपूर्ण झांकी को देखकर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव स्वयं भगवान श्रीराम बने पात्रों को जमीन पर बैठकर बेर खिलाती नजर आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं नगरपालिका के स्वच्छ तीर्थ अभियान को साकार होते देखा गया। कार्यक्रम में सैण्टएसआरएस परिवार द्वारा नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, नगरपालिका के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी राजेश नेमा, नपा सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सहज तेनगुरिया का केन्द्र सरकार की स्वच्छता अभियान में एक रेटिंग प्राप्त होने पर शाल, श्रीफल और मोमेंटों से नागरिक अभिनंदन किया गया। वहीं उपस्थित सरिता जैन एवं सरिता रघुवंशी का संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, प्रभारी रजनी गुप्ता, कृष्णपाल सिंह चौहान, प्रियंका अग्रवाल, सुमन श्रीवास्तव, डॉ. कमला चतुर्वेदी, नेहा सक्सेना, अनुज गुप्ता, दीपेश मैना, सुपार्श जैन द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान संगीत टीम द्वारा सरस्वती वंदन, स्वागत गीत सहित राम भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को चार चांद लगाए। स्कूल के छात्र-छात्राओं विवेक दांगी, निहारिका तिवारी, शिवा रघुवंशी, महक सक्सेना, अपूर्व सेन एवं शिक्षक केपी चौहान और सुपार्श जैन द्वारा स्कूल के विशाल परिसर में भारत का विशाल मानचित्र तैयार किया था। जिसमें भगवान राम की महाकाय रांगोली से बनाई आकर्षक आकृति और उस पर बिजली की झालरों और टिमटिमाते दीयों की भव्य रोशनी को देखकर अतिथि शशि अनिल यादव एवं अन्य अतिथि अभिभूत हो गए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने संस्था के इस प्रकार के दीपोत्सव आयोजन की जमकर सराहना की। इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ का सहयोग सराहनीय रहा।



## डाइट के दल ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को जिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान दल द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला मढिया सेमरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। करीब दो घंटे तक विद्यालय में रुक कर दल के अधिकारी अजय श्रीवास्तव ने कक्षा 1, 2, 3 के बच्चों की एफएलएन प्रणाली से पढ़ाई की सूक्ष्मतम जांच की। उन्होंने विद्यार्थी अरुण, ऋषि एवं रोनक के शैक्षिक स्तर का ऑनलाइन परीक्षण किया। दल ने वाक्य, कहानी, लेखन, इबारत, इबारती, सवाल, आकृति पहचान, अंग्रेजी के कार्यकारी ज्ञान की जांच की। उन्होंने मोबाईल से स्तर को परखा एवं पाई गई कमियों को सुधारने के निर्देश दिए। इसके बाद दल ने ट्रेकर एवं मूल्यांकन कार्य को नियमित रुप से जांचने के निर्देश दिए। दल के दूसरे अधिकारी रमेश ठाकुर ने स्कूल की अन्य गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सराहना की। उन्होंने सभी क्रियाकलापों का विडियो बनाकर छाया चित्र भी लिए। इस मौके पर समूह संचालक ने मध्यान्ह भोजन की राशि एवं रसोइयों का वेतन नियमित खातों में जमा करने की मांग की गई। इस मौके पर विद्यालयीन स्टॉफ मौजूद था।

### शिकायत के बाद मजदूर को मिली मजदूरी

**गंजबासौदा।** शिकायतकर्ता खिलान सिंह कुशवाह निवासी ग्राम हथोड़ा द्वारा एसडीएम विजय राय से शिकायत की गई की उनके मजदूरी के लगभग 12 हजार रुपए नहीं दिए जा रहे। अनावेदक संतोष कुशवाह के द्वारा लगभग 12000 रुपए में से एसडीएम के समक्ष 8000 रुपए आवेदक को दिए गए एवएं शेष राशि देने समय मांगा गया।



## पूर्व मुख्यमंत्री से की सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य भेंट की। इस दौरान नगर की पाराशरी नदी के शुद्धिकरण और गहरीकरण के लिए उन्होंने एक योजना की मंजूरी दी है। इस संबंध में उनसे बात हुई तो उन्होंने योजना का भूमि पूजन करने और कार्यकर्ताओं के संग मिल बैठने का धन्यवाद करने का प्रस्ताव मानते हुए 15 फरवरी से पहले पहले उन्होंने समय देने का वायदा किया। निश्चित ही पूर्व मुख्यमंत्री के नगर आगमन पर नगर को और योजनाओं का फायदा मिल सकेगा।

## प्राण-प्रतिष्ठा पर मुस्लिम मंच ने जलाए दीप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अयोध्या में रामलला के विराजमान होने की खुशी मे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा शाम के समय महलों वाले बाबा के दरबार मे 101 दिये एवं 551 मोमबत्ती रोशन कर एवं गरीबो को कंबल वितरण कर धूमधाम से जश्न ऐ चिरागा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ, पर्यावरण एवं सेवा कार्य प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी के नेतृत्व मे मनाया गया। इस अवसर पर कादरी ने बताया देश भर में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक पल को उत्सव की तरह मनाया। इस मौके पर मुस्लिमों और हिंदुओं ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में नेता समीर किरमानी, भैयन मंसूरी, बशीर खान, बबलू मंसूरी, रविन्द्र राजौरिया, पृथ्वीसिंह रघुवंशी, राजेश नामदेव, पर्वत सिंह, दीपक जैन, परी जैन, जियान भाई, सैयद अकरम अली, मोहम्मद अली खान, सैयद हसनैन सहित मंच के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मुकेश रैकवार देंगे प्रस्तुति



**गंज बासौदा।** नगर के रजोदा रोड निवासी मुकेश रैकवार को राजस्व संस्थान संचनालय भोपाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सागर मुख्यालय पर होने वाले सांस्कृतिक आयोजन में प्रस्तुति देने के लिए चयनित किया है। वह गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले ढिमरयाई की प्रस्तुति देंगे। ज्ञात हो की बुंदेलखंड में ढीमर, केवट, माझी समाज द्वारा एक विशेष सामूहिक गायन खंजडी, ढपली, चिमटा जैसे वाद्य यंत्रों को बजाकर गायन की प्रस्तुति करते हैं।

### श्रमदान दल ने कोहरे और सर्दी के बीच रिपटा घाट पर की सफाई

# साप्ताहिक श्रमदान 3.0 का 16वां चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेतवा नदी रिपटा घाट पर श्रमदान दल के तत्वावधान में साप्ताहिक श्रमदान अभियान सतत रूप से जारी है। साप्ताहिक श्रमदान के क्रम में एक फिर श्रमदान दल के सदस्य रविवार को श्रमदान और नदी एवं घाट की स्वच्छता के लिए बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पहुंचे और स्वच्छता कार्यक्रम को अंजाम दिया। शीतलहर 6°C तापमान और कपकपा देने वाली ठंड भी श्रमदान दल के सदस्यों को नहीं रोक सकी। ऐसे मौसम में श्रमदान दल के सदस्य बेतवा नदी की स्वच्छता के प्रति लगन एवं जज्बे के साथ मौसम व तापमान की परवाह किए बिना श्रमदान करने पहुंचे है।

ऐसा भी नहीं की ऐसा पहली बार हुआ है पिछले दो वर्ष 11 माह से साप्ताहिक श्रमदान का यह क्रम सतत रूप से जारी है। आने वाली 22 फरवरी को श्रमदान अभियान को तीन साल पूरे हो जाएंगे। श्रमदान दल के सदस्यों का कहना है यह क्रम ऐसे ही निरंतर जारी रहेगा, जब तक कि लोग जागरूक न हो जाए। रविवार को कड़ी ठंड और घने कोहरे में बाबजूद 2 घंटे से अधिक समय तक श्रमदान कार्य चला। दल के सदस्यों ने अपने स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान घाट एरिया एवं नदी के प्रवाह क्षेत्र से पूजन हवन सामग्री, प्लास्टिक पॉलिथीन, सर्जिकल सामग्री, एक्सपायर एवं अनुपयोगी दवाइयां, अन्य अवशिष्ट सामग्री आदि को बाहर निकाल कर एक स्थान पर एकत्रित किया। ताकि निकाले गए कचरे को डंपिंग मैदान तक पहुंचा सके। लोगों को नदियों और जल की महत्ता को समझना और लोगों को नदियों एवं जलाशयों को गंदा करने से रोकना है। ताकि आने वाली पीढ़ी को भी साफ स्वच्छ पेय जल मिलता रहे। लोगों को नदियों तालाबों एवम अन्य सभी जल स्त्रोतों के प्रति गंभीर होने जरूरत है। जब तक सभी अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करेंगे। तब तक नदियों की दयनीय स्थिति को सुधारा नहीं जा सकता। साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 के 16 वे चरण के स्वच्छता कार्यक्रम में दीपेश शर्मा, नितिन अग्रवाल, राकेश रघुवंशी, नीरज साहू, आकाश अग्रवाल, रवि रघुवंशी, दिनेश चौरसिया और आकाश जैन उपस्थित थे।

### रामप्यारी बाई राजपूत का निधन

**गंजबासौदा।** स्वर्गीय विक्रम सिंह राजपूत की पत्नी एवं स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह राजपूत, चंदू राजपूत की माताजी एवं यश राजपूत की दादी रामप्यारी बाई राजपूत का स्वर्गवास हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान नानाजी वाली गली वार्ड क्रमांक 2 से सुबह 11 बजे पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



# बाल्मीकि समाज का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वार्ड नंबर 9 में स्थित बाल्मिकी मंदिर में चलों खुशियां बांट आए सिकरवार सेवा फाउंडेशन ने बाल्मिकी समाज के लोगों का और समाज की मातृ शक्ति का सम्मान कर एक अभूतपूर्व कार्य किया। समिति ने पहले मंदिर में महर्षि बाल्मिकी की आरती कर पुष्पमाला डालकर प्रसाद समर्पित किया। शहर के अनेक जगह धार्मिक आयोजन चल रहे थे तब सिकरवार सेवा फाउंडेशन ने उस वंश को याद किया जिनकी वजह से हम प्रभु को जान पाएं हैं। ऐसे पल को शहर के चलो खुशियां बांट आएं सिकरवार फाउंडेशन ने एक अनूठी पहल कर सारे सनातन का सम्मान बढ़ाया। समिति ने बाल्मीकि समाज के वंशजों का पुष्प माला और शाल श्रीफल से सम्मान किया तथा समाज के अध्यक्ष को महर्षि वाल्मीकि सम्मान पत्र भेंट किया।

इस सम्मान का गर्व बाल्मिक समाज के लोगों की आंखों में स्पष्ट दिखाई दे रहा था। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र सिकरवार ने कहा की महर्षि वाल्मीकि अपने आप में महानसंत थे। जिन्होंने रामायण जैसे महाकाव्य की रचना कर हमको यह बतलाया की हमारे आराध्य प्रभु राम कैसे थे, उनका जीवन कैसा था, कैसे रहते थे, उनका चरित्र क्या था और आज हमारे भारतवर्ष में रामलाल के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के समय हम महर्षि बाल्मीकि को याद करे बिना नहीं रह सकते। उनके वंशजों का सम्मान करके अपने आप को गौरान्वित महसूस करते हैं इस समय बाल्मीकि मंदिर में बाल्मीकि समाज के पूर्व पार्षद जितेंद्र बाल्मीकि ने कहा कि हम सामाजिक व्यवस्था में अंतिम पंक्ति में खड़े हुए लोग हैं, हम अभीभूत हैं कि आपने इस पुनीत अवसर पर हमें याद कर हमारा सम्मान किया। हमें गर्व है कि हम ऋषि बाल्मीकि के वंशज कहलाते हैं। हमें भी आप सामान्य वर्ग में शामिल कर लें जिससे हम आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनत्व जाता सके। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के वक्ताओं ने अपने वक्तव में समरसता को लेकर भाव व्यक्त किऐ। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रामसेवक विश्वकर्मा, मुकेश सिंह, अमान सिंह, प्रमोद सिंह, नीलेश अग्रवाल, किशोर सिंह, कृष्ण गोपाल चतुर्वेदी, प्रवीण प्रताप सिंह जादौन, रंजीत सिंह, यशपाल यादव ओमप्रकाश चौरसिया, अनिल अहिरवार, रविंद्र जैन, राजेश बाल्मिकी, शीतल बाल्मीकि सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित थे।

### अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर जलाए 1101 दीप



**त्योंदा।** सोमवार को अयोध्या मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कस्बा बागरोद में समर्थ गुरु रामजी बाबा मंदिर एवं राम दरबार के पुजारी सौरभ चौबे ने 1101 दीप जलाकर मंदिर में दीपावली मनाई। इस मौके पर अनेक ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान भगवान की महाआरती की गई तत्पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरानजय श्रीराम के नारे गूंजते रहे।

## खबर संक्षेप

### डिजिटल मार्केटिंग पर आधारित प्रबंधकीय विकास प्रशिक्षण 5 फरवरी से

**सागर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मार्गदर्शन में जिले के उद्यमियों के लिए एक सत्ताह का निःशुल्क डिजिटल मार्केटिंग पर आधारित प्रबंधकीय विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 5 फरवरी से 9 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। डिजिटल मार्केटिंग के संबंध में विषय विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल मार्केटिंग कैसे प्रारंभ करें, वेबसाइड कैसे बनायें, मोबाइल मार्केटिंग, ई-मेल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स पोर्टल के प्रकार, ई- कॉमर्स वेबसाईट कैसे बनायें, कम समय एवं कम लागत में अपने उत्पाद को लक्षित ग्राहकों तक पहुंचाने के तरीके, अपने उत्पाद की सेवायें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करना, आदि के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदाय की जावेगी।

### जन सुनवाई में सुनी गई आम लोगों की समस्याएं

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को कलेक्टर दीपक आर्य, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह सिटी, मजिस्ट्रेट जूही गर्ग एवं एसएलआर देवी शरण चक्रवर्ती ने आम लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है।

### एकता समिति ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया

**सागर।** एकता समिति ने गुजराती बाजार में अयोध्या में भगवान श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के समारोह पर भव्य आयोजन कर हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। भगवान श्री राम जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्रसाद का वितरण के साथ आतिशबाजी कर जश्न मनाया । कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद आचार्य एम,डी त्रिपाठी ने की।

# अयोध्या में विराजे प्रभु श्रीराम, दीपों से जगमगाया शहर, श्रीराम के गूंजे जयकारे



## *देवा धी देव मदन मोहन सरकार में 7001, त्रिपुरी सुंदरी घाट 5100 प्राचीन रामलला सरकार में 1100 दीपों की दीपमालाएं जलाई गईं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सिरोंज में दीपावली का पर्व मनाया गया। वही सिरोंजवासियों ने प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ऐसा पर्व मनाया जिसे देख दीपावली का पर्व भी फीका नजर आया। इस अवसर पर नगर के समस्त मंदिरों को विद्युत रंग बिरंगी लाइटो से सजाया गया। वहीं नगर की ऐसी कोई दुकान नहीं थी और न ही ऐसा कोई घर था जहां दीपक व भगवा ध्वज न लगा हो। वही नगर के प्रसिद्ध देवा धी देव मदन मोहन सरकार के दरबार में 7 हजार एक एंव त्रिपुरी सुंदरी घाट पर 5100 व रामलला सरकार के दरबार में 1100 दीपकों से दीपमालाए सजाई गई।

कैथन नदी त्रिपुरा सुंदरी घाट पर नपा द्वारा दीपदान का आयोजन किया गया। साथ ही पूरे घाट को विद्युत सज्जा के साथ 5100 दीप जलाकर सजाया गया। पंडित



नलिनीकांत शर्मा द्वारा महाआरती के बाद विषाल सामूहिक दीपदान किया गया। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा व शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहें। वहीं देवा धी देव मदन मोहन सरकार के सिद्ध चैतन्य दरबार में भगवान श्रीराम जी के बाल स्वरूप का नवीन राज दरबार में स्थापना महापर्व पर मंदिर के प्रधान पुजारी पं नवनीत शर्मा ने श्रद्धालुओं के साथ 7 हजार एक दीप प्रज्जलित कर महा आरती के साथ आकर्षण विद्युत लाईटों से मंदिर को सजाया गया। इसके साथ ही शहर के प्राचीन रामलला सरकार मंदिर में 1100 दीपमालाओं के साथ विभिन्न प्रकार की रंगगोली बनाई गई।

### नेताजी की मनाई गई जयंती

# नेताजी बोस ने युवाओं के भीतर लड़ने का जज्बा पैदा किया थाः मन मोहन साहू




हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

मंगलवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। नगर पालिका अध्यक्ष मन मोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ ने नपा कार्यालय के सामने स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि नेताजी की पूरी जिंदगी साहस और पराक्रम से भरी हुई है। उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए ऐसे नारे दिए, जिससे भारतीयों के दिलों में आजादी को लेकर जल रही ज्वाला और तेज धधकने लगी। नेताजी ने भारत की आजादी में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने युवाओं के भीतर आजादी के लिए लड़ने का जज्बा पैदा किया। नेताजी ने आजादी के लिए जय हिन्दए तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगाए चलो दिल्ली जैसे नारे दिए। जिससे युवाओं में जोश पैदा होता था।

इस दौरान भाजपा नेता संतोष चौरे, पारस तारण, हरिबाबू भार्गव, षिवकुमार भार्गव, सचिन शर्मा, हरिचरण अहिरवार, धर्मेन्द्र जैनए संजय सोनी, जयनारायण सेन, संतोष गुड्डू यादव सहित नपा कर्मचारी मौजूद रहें।



### शिवसेना ने मनाई बालासाहेब ठाकरे की जयंती

**गौरझामर।** देवरी विधानसभा के ग्राम गौरझामर में शिवसेना पद अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की 98 वीं जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने बालासाहेब ठाकरे की फोटो पर फूल माला अर्पित कर कार्यक्रम को हर्षोल्लास से मनाया शिवसेना के क्षेत्र प्रमुख शक्ति उपाध्याय ने कहा हिंदूवादी प्रखर विचारों की वजह से अखबारों की सुर्खियों में बने रहने वाले ठाकरे साहब हमेशा हमारे लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे। शिवसेना अध्यक्ष राहुल गुरु ने कहा हर हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे को हम उनकी जयंती पर नमन करते हैं ज्ञात है कि 23 जनवरी 1926 को बालासाहेब ठाकरे का जन्म उसे समय की मुंबई प्रेसिडेंसी के पुणे शहर में हुआ था उन्होंने 1966 में शिवसेना की स्थापना की थी और वह मराठी में सामना नाम से समाचार पत्र भी प्रसारित करते थे।

### श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की

## प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कन्या भोज का आयोजन



**सिरोंज।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में वार्ड क्रमांक 16 स्थित मां बिंदेश्वेरी माता मंदिर सेवा समिति द्वारा कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर नपा कार्यालय में सुंदरकांड पाठ व राम भजनों का आयोजन

## हर्षोल्लास के साथ श्रीराम का मनाया प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय में सुंदर काण्ठ पाठ का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सिरोंज की प्रसिद्व भजन मण्डली द्वारा सुंदर काण्ठ पाठ व राम भजनों का आयोजन किया।

वही नपा कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का त्यौहार मनाया। साथ ही कार्यक्रम के समापन उपरांत सभी कर्मचारियों द्वारा नपा कार्यालय के बाहर आतिषबाजी चलाकर प्राण प्रतिष्ठा का त्यौहार दीपावली मनाया।



इस मौके पर नपा अध्यक्ष मन मोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाष साहू, उपयंत्री रोहित सिंह तोमर, वरिष्ठ पार्षद प्रतिनिधि जयनारायण सेन, धर्मेंद्र जैन, टीकाराम शाक्य सहित बडी संख्या में नपा कर्मचारी मौजूद रहें।

# मैं भी एक बाघ हूंः अनुभूति कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओ ने की जंगल की सैर



हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

स्कूली बच्चों में वन तथा वन्यप्राणियों के महत्व एवं संरक्षण की भावना विकसित करने के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को वन एवं वन्य प्राणियों तथा पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वन विभाग के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। प्रकृति की पाठशाला मैं भी बाघ के माध्यम से वनों का दर्शन कराते हुए उन्हें वनों की अनुभूति कराकर वनों एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए जागरुक कराया गया। वन परिक्षेत्र अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं को पूरे दिन प्रकृति के तल का भ्रमण कराया गया। सुबह छात्र-छात्राओं को पक्षियों के दर्शन कराने के बाद जंगल में ले जाया गया। जिसमें उन्हें वन एवं पर्यावरण का महत्व समझाते हुए प्रकृति की वास्तविक अनुभूति कराई गई। इस दौरान छात्र छात्राओं को पर्यावरण से संबंधित रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संबंधी शपथ दिलाई गई। मैं भी बाघ गीत का गायन कराया गया। छात्र-छात्राओं को प्रकृति के प्रति प्रेरित करने के लिए वन विभाग द्वारा किस तरह के प्रयास लगातार किए जाते हैं। वन्यप्राणियों के संरक्षण, महत्व के साथ-साथ स्वच्छता, शिक्षा एवं वनों के प्रति दायित्वों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर एसडीओ अरुण कुमार डहरिया, वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश, नगर परिषद अध्यक्ष भारती माहेश्वरी, डिप्टी रेंजर एस के मीना, एनपी धनकर, वन रक्षक पुष्पा शर्मा, पूजा शर्मा, रामरूचि शर्मा, अमित शर्मा, प्रशांत लुहारिया, शशि दरोई चंद्रभान विश्वकर्मा, सुमित राजपूत, कोमल भिलाला, महेश विश्वकर्मा, राजेश रैकवार, संतोष राजपूत, धर्मेन्द्र यादव, सहित शिक्षक उपस्थित थे।

### शिक्षकों का मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जा रहा

**ग्यारसपुर।** विकासखंड स्तर पर राज्य से ट्रेनिंग लेकर आये मास्टर ट्रेनर रामकृष्ण यादव शैलेंद्र कटारे मदन जरिया सुजाता शर्मा द्वारा शिक्षकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें नई शिक्षा नीति 2020 के विजन अनुसार छात्रों को भारतीय मूल्यों से विकसित शिक्षा प्रणाली अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना एवं उन्हें वैश्विक ज्ञान महा शक्ति बनाते हुए भारतीय होने का गर्व महसूस करना, ज्ञान व आधुनिक तकनीक को अपने दैनिक जीवन व व्यवहार में शामिल कराना है। नई शिक्षा नीति के अनुसार कक्षा के वातावरण एवं संस्कृतियों को बदलने एवं शिक्षकों की क्षमताओं में वृद्धि करने एवं शिक्षकों के व्यवसायिक उन्नयन कर कक्षा कक्ष में छात्रों की सक्रियता बढ़ाने के लिए विभिन्न तकनीकों जैसे हुक, प्रभावी दिशा निर्देश, समझ की जांच , प्रभावी प्रश्न, सकारात्मक भाषा, कक्षागत औपचारिक चर्चा के विभिन्न तरीके आकलन , रचनात्मक फीडबैक एवं बहुत ही रोचक गतिविधियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी शिक्षक गतिविधियों में उत्साह के साथ सहभागिता की जा रही है। ट्रेनिंग में तीन बैच बनाए गए हैं जिनमें से एक बैच पूर्ण हो चुका है। दूसरा बैच चल रहा है। आने वाले समय में तीसरा की भी शुरूआत होगी। जिसमें शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसमें लगभग 200 से अधिक शिक्षक ट्रेनिंग लेंगे। ट्रेनिंग लेकर सभी शिक्षक स्कूल में अध्यनरत छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करेंगे।

### गीतों व हास्य व्यंग से सराबोर हुए श्रोता

**बरेली।** पिछले 27 वर्षो से श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति द्वारा नगर एवं क्षैत्र में कवि सम्मेलनों के माध्यम से हिन्दी साहित्य की सेवा में संलग्न बनी हुई है। अयोध्या में 500 वर्षो के इंतजार के बाद श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में रामलीला मैदान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्रीराम से संबंधित गीत रचनाओं एवं हास्य व्यंग की रचनाओं का उपस्थित श्रोताओं द्वारा भरपूर आनंद उठाया। नपं. के उपा. नेपाल सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में हुए कवि सम्मेलन में हिउस के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, नगर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, निराला समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, उपा. भगवानदास राठी, गोपाल बांसल, महेन्द्र भावसार, सईद पठान, अवधनारायण सक्सेना, भगवान सिंह, किशोर सिंह ठाकुर राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष के साथ श्रोताओं की उपस्थिति रही। कवि सम्मेलन में कौशल सक्सेना, दिनेश याज्ञिक, डॉ. प्रतिभा पटेल जबलपुर, अशोक श्रीवास्तव, गौरीशंकर धाकड़, देवी जैन, प्रेमनारायण साहू, गोविन्द शर्मा, बाल कवि कुशाली साहू एवं बाल कवि नीरज मिश्रा ने अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को तालियां बजाने मजबूर किया जाता रहा। बाल कवि नीरज मिश्रा ने अमन अक्षर की कविता भाव सूचियां है। बहुत भाव श्रीराम है के द्वारा श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। कवियों ने श्रीराम के साथ वर्तमान राजनीति पर हास्य व्यंग के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को हसने तालियां बजाने मजबूर किया जाता रहा।




### गुरूकुल स्कूल में हुआ रामोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बरेली।** गुरूकुल सीबीएसई स्कूल में 22 जनवरी को रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महामण्डलेश्वर पू. ब्रम्हचारी जी प्रदेश के लोक स्वा. परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटै, नपं. अध्यक्ष हेंमंत चौधरी की अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। पू. ब्रम्हचारी जी ने छात्रों को कंठस्थ गीता शोक स्कूल के बैंड एवं छात्रों को दी जा रही संस्कारपूर्ण शिक्षा की प्रसंशा की। कार्यक्रम में नरेन्द्र पटैल राज्य मंत्री, हेमंत चौधरी, नपं. ने भी अपने विचार व्यक्त कर कार्यक्रमों की प्रसंशा की गई। छात्रों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम- रामोत्सव के अंतर्गत स्कूल भवन की सुंदर सजावट के साथ दीपो से जगमग होता रहा। छात्र-छात्राओं ने श्रीराम पर आधारित गीत भजन नाटय रूपांतरण, ड्रामा, गीता पाठ के कार्यक्रमों से उपस्थितों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं, पालको की उपस्थिति रही। गुरूकुल स्कूल संचालक प्रशांत राठी ने सभी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ढा पर बधाई एवं कार्यक्रम में आए लोगो का आभार व्यक्त किया।




# पूजा पब्लिक स्कूल में हुए भजन वानर सेना ने किया नगर भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के महापर्व पर नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था पूजा पब्लिक स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भूमिका रही। श्रीराम दरबार की सजीव झांकी के साथ बानर सेना द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर माहौल को श्रीराम भक्तिमय बना दिया।

श्रीराम दरबार में छात्रा पलक धाकड़ श्रीराम, भूमिका लोधी सीता जी, हर्षिता धाकड़ लक्ष्मण जी, छात्र हर्षित जैन हनुमान जी के पात्र भूमिका में रहे। वहीं कक्षा 4 के छात्र-छात्राओं में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा भजन नृत्यों की प्रस्तुति दी गइ। लघु नाटिका शबरी द्वारा श्रीराम को बेर खिलाने के दृश्यों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रमों में नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, विक्रम राजपूत, राजेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र पटैल की विशेष उपस्थिति रही। छात्र-छात्राओं और स्कूल में आए पालको श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण कर रामोत्सव मनाया। प्राचार्य नीता धाकड ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### खरगौन में आज से भागवत कथा ज्ञान यज्ञ



**बरेली।** खरगौन अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर विशाल भव्य दिव्य मंदिर निर्माण एवं श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में श्री धार्मिक साहित्यक सांस्कृतिक अयोजन समिति द्वारा 24 से 30 जनवरी तक संगीतमयी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को श्रीराम जानकी मंदिर से कथा स्थल मेन मार्केट तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। वृन्दावन धाम से पधरे पं. रामनरेश शास्त्री द्वारा प्रतिदिन श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। अयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सभी धर्मप्रेमियों से प्रतिदिन कथा श्रवण का अग्रह किया है।

# नवीन यज्ञशाला का शुभारंभ किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

आर्य समाज वेद मंदिर में स्वर्गीय राजाराम साहू एवं उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय काशीबाई की स्मृति में यज्ञशाला भवन निर्माण कराया गया है। यज्ञशाला का लोकार्पण आर्य समाज के वैदिक प्रचारक आचार्य चंद्र देव शास्त्री एवं आचार्य विवेक शास्त्री के कर कमल से किया गया।

यज्ञशाला में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में दीप उत्सव मनाया गया। आर्य समाज की सुप्रसिद्ध भजन उपदेशिका रिचा




शास्त्री द्वारा भगवान राम के सुंदर भजनों जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। आर्य समाज के अध्यक्ष कमलेश साहू द्वारा कार्यक्रम उपस्थित आचार्य एवं अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गिरजेश साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन जैन, पूर्व पार्षद रमेश पहलवान, पंकज दिनकर सिरोंज, पवन मोदी, विशंभर दयाल सिंघल, जगमोहन भावसार, सुनील साहू वेदप्रकाश तिवारी, सोनू साहू, नीलेश नामदेव सहित नगर के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अनुभूति कैंप में छात्रों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶हैदरगढ़

ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत मोहम्मदगढ़ बीट के गणेश मंदिर के जंगलों में स्कूली विद्यार्थियों के लिए अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों को नजदीकी से जंगलों के वृक्षों की प्रजाति एवं रास्तों का अवलोकन कराया गया वन में रहने वाले मांसाहारी जानवरों एवं शाकाहारी जानवरों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। अनुभूति कार्यक्रम में पर्यावरण और वनों के बारे में बारीकी से सीख कर कैंप को अनुभूति करके शपथ के माध्यम से पर्यावरण और वनों की रक्षा करने का



संकल्प लिया गया इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा प्रकृति का एहसास करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा भी प्रस्तुत की वही कार्यक्रम में वनों से संबंधित जनरल नॉलेज की प्रतियोगिता भी की गई जिसमें प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने पर पुरस्कार वितरण किए गए कार्यक्रम में ओमकार सिंह मर्सकोले वन मंडल अधिकारी विदिशा मुस्कान शिवहरे वन परिक्षेत्र अधिकारी ग्यारसपुर हैदरगढ़ डिप्टी रेंजर मोहन विश्वकर्मा एवं समस्त कर्मचारी अधिकारी ग्यारसपुर एवं स्कूल के प्रिंसिपल शिक्षक कर्मचारी इस दौरान मौजूद रहे।

## सुबह-सुबह छाया रहता है घना कोहरा, तापमान में गिरावट जारी

# सर्द हवाओं से ठिठुरे लोग, तापमान में गिरावट से कोल्ड डे के बने हालात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में बीते 10 दिनों से मौसम में आ रहे उतार-चढ़ाव के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मंगलवार से चल रही सर्द हवाओं और कोहरे के कारण कंपकपा देने वाली ठंड से लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि बीती रात का तापमान 13 डिग्री जबकि गुरुवार को रात का तापमान 10 डिग्री तथा दिन का तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया था, वहीं दिन भर कोहरे की धुंध छाई रही। रायसेन में कोल्ड डे और शीत लहर जैसा मौसम माना जा रहा है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि बारिश और ओले गिरने के बाद जो ठंड पड़ती है वैसी ठंड वर्तमान में कोहरे के गलने से पड़ रही है, लेकिन दिन और रात के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं आ रहा है।

इस प्रकार का मौसम कोल्ड डे और शीत लहर की श्रेणी में नहीं आता है। कोहरा छटने और धूप निकलने के बाद दिन और रात के पारे में जब गिरावट आएगी, तब शीत लहर और कोल्ड डे जैसे हालात बनेंगे।

### सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन बढ़ी, अलाव का सहारा लेते रहे लोग

*सुबह के समय धुंध और कोहरे की चादर से शहर ढका हुआ नजर आया। सुबह 8.30 बजे तक भी विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए स्कूली शिक्षा विभाग ने जिला कलेक्टर को सुबह लगने वाली शासकीय अशासकीय विद्यालयों के शाला लगने के समय में परिवर्तन कर दिया है।*

*कोहरे के साथ ही सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन बढ़ी गई है। लोग गर्म कपड़ों में बाहर निकले और अलाव का सहारा ले रहे। सर्द हवाएं चलने से लोगों को तेज सर्दी का एहसास हो रहा है। रात में बादल छाने से तापमान भी नीचे आ गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में मावठे की बारिश की संभावना जताई है। बारिश होने से किसानों को फायदा होगा।*

# रैली में शबरी के जूठे बेर खाते हुए श्रीराम की झांकी की गई प्रदर्शित

## *श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के सम्मान में संस्कार वैरी स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने निकाली आकर्षक रैली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने के एतिहासिक समय के साक्षी देश की करोडो जनता रही। तथा देष वासियो ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। प्राण प्रतिष्ठा के पष्चात नगरो, शहरो, कस्वो में शोभायात्रा निकाली गई, मंदिरो में पूजा अर्चना कर दीप जलाए, भंडारा, रामायण, सुंदर काण्ड पाठ आयोजित किए गए। आतिशवाजी कर दीवाली भी मनाई।

इसी कड़ी में नगर की शैक्षणिक संस्था संस्कार वैरी स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चो ने हाथो में भगवा ध्वज थामें मंगलवार को दोपहर के समय नगर में रैली निकाली। जो कि बजरंग चौराहा, गांधी चौक, पुराना बस स्टेण्ड, शिवाजी नगर, से होती हुई तहसील तिराहा पहुंची, यहां पर रैली का समापन किया गया । संस्था संचालक दुर्गेश रघुवंशी ने बताया कि रैली में प्रदर्शित की गई झांकी में भगवान श्रीराम को शबरी के बेर खाते हुए दिखाया गया, सजाई गई एक अन्य झांकी में भगवान श्रीराम के भाई भरत को प्रजा के साथ वन में 14 साल का वनवास काट कर रहे भाई राम को मनाने वन मे जाते हुए दिखाया गया।

रैली में शामिल स्कूली बच्चे जय श्रीराम का जयकरा लगा रहे थे। इसके पूर्व स्कूल परिसर में भी कार्यक्रम आयोजित किया,जहां पर कि प्रदर्शित की गई झांकी में शामिल श्रीराम, माता सीता आदि पात्रो की पूजा अर्चना की गई। रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व शिक्षक, शिक्षिकाए शामिल हुए। रैली का नगर में अनेकों स्थानों पर नागरिको ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



### विधायक ने नागरिकों को दी शुभकामनाएं

*अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने उपरांत सोमवार को हिंदु उत्सव समिति द्वारा सिलवानी नगर में भव्य व एतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हजारो की संख्या में नागरिक शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, भाई लक्ष्मण, राम भक्त हनुमान की झांकी रथ पर सजाई गई। शोभायात्रा में क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल भी शामिल हुए। उन्होंने शोभायात्रा में शामिल भगवान श्रीराम, माता सीता, भाई लक्ष्मण, राम भक्त हनुमान की पूजा अर्चना, आरती की तथा नागरिको को इस शुभ दिन की शुभकामना दी। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप शर्मा, विधानसभा मीडिया प्रभारी विटटू राय मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त ग्रामीण अंचल के भ्रमण के दौरान विधायक पटेल ने विहार कर रहे आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य निर्यापक मुनि समय सागर महाराज व ससंघ मुनियो को श्रीफल भेंट कर दर्शन किए व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर अनेक कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।*

# पारम्परिक कारीगरों और शिल्पकारों को मदद देने शुरू की पीएम विश्वकर्मा स्कीम

## *जिला कौशल विकास समिति की बैठक आयोजित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशानुसार जिला कौशल विकास समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें भारत सरकार की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के जिले में क्रियान्वयन, नवीन शासकीय आईटीआई सिलवानी में नवीन व्यवसाय प्रारंभ करने सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी एमएल राठौरिया, महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकत, शासकीय आईटीआई रायसेन के अधीक्षक प्रदीप कुमार खातरकर सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बैठक में शासकीय आईटीआई रायसेन के अधीक्षक प्रदीप कुमार खातरकर द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में बताया कि पारम्परिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा।

प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। बैठक में बताया कि विश्वकर्मा योजना के लिये उम्र न्यूनतम 18 वर्ष होना चाहिए।

### जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का हुआ हल




**रायसेन।** नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे तथा संयुक्त कलेक्टर पीसी शाक्य द्वारा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान की विवाह लीला में श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर किया नृत्य, सुनी कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

नगर के त्रिमूर्ति चौराहा स्थित शिव शिक्तिधाम मंदिर में चल रही श्री मदभागवत कथा का मंगलवार को समापन हुआ। इस दौरान कथा व्यास पं. हेमंत भार्गव ने भगवान की बाल लीलाओं के साथ भगवान के विवाह की कथा सुनाई।

जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे, उन्होंने कहा कि जब भगवान ने 16108 कन्याओं को कैद से मुक्त करवाया तो लेकिन इन कन्याओं ने भगवान की शरण चाही तो भगवान ने भी इन्हें सहर्ष अपनी शरण दी और उन्हें विवाह के रूप में स्वीकार किया। इसके बाद हनुमान जी को चोला चढ़ाकर प्राण प्रतिष्ठा कार्य संपन्न करवाया। रात में सुंदरकांड का आयोजन हुआ जिसका श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया।



कथा के समापन पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत मेढ़की, राताताई, सुनारी सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, त्रिमूर्ति चौराहा, कचनारिया, कुल्हड़िया, खोहा, रतनपुर, तिजालपुर, सांची, आमखेड़ा, ढकना चपना, बिलोरी सहित अन्य कस्बों के सैंकड़ों भक्त श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सर्दियों के मौसम में बिजली की आंख मिचौली कर रही परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज/रायसेन

एक बार फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार वजूद में आई है मंत्रिमंडल का गठन होना शेष रह गया है। नई सरकार के गठन के बाद से ही क्षेत्र के लोग बिजली की समस्या से दो चार हो रहे हैं। सर्दी के मौसम में क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती लोगों को परेशानी का सवब बन गई है।

ऐसे में 6 माही परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों को भी परेशानी हो रही है। जहां सुबह के समय पानी गर्म करने में दिक्कत आ रही हैं। वहीं दोपहर से लेकर शाम तक और शाम से लेकर देर रात तक बिजली की आंख मिचोली और भी कई परेशानियां पैदा कर रही है। जब शहरी क्षेत्र में बिजली का यह हाल है तो ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को बिजली किस हिसाब से मिल रही होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अघोषित बिजली कटौती से लोगों के कई काम में पिछड़ रहे हैं।

बिजली कंपनी के कार्यालय में जानकारी लेने पर पता चलता है कि कोई बड़ा फाल्ट हो गया है, जिसकी वजह से कभी गैरतगंज से लाइट बंद है तो कभी शहरी क्षेत्र में फाल्ट होने पर उसके सुधार के लिए लाइन बंद की गई है।

कुल मिलाकर क्षेत्र में परिवर्तन की लहर के बाद बिजली के शेड्यूल में भी परिवर्तन होता दिखाई दे रहा है। पीड़ित किसानों मजदूरों व्यापारियों और आमजन ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से अघोषित विद्युत कटौती बंद करने की मांग की है।

### राजभवन आमजन के लिए 3 दिन तक खुला

**रायसेन।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देश पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन आमजन के लिए तीन दिन खोला जाएगा। राजभवन 25 जनवरी से 27 जनवरी तक निर्धारित अवधि के लिए खुला रहेगा। आम नागरिक 25 और 27 जनवरी को अपराह्न 2 बजे से 7 बजे तक राजभवन में भ्रमण कर सकेंगे। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को राजभवन प्रात 11 बजे से 2 बजे तक आमजन के अवलोकन के लिए खुला रहेगा। इस अवसर पर राजभवन में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, भोपाल द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा पर आधारित, हमारा संकल्प विकसित भारत और मप्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। ब्यूरो के सांस्कृतिक दल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व कठपुतली के शो भी प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रदर्शनी स्थल पर देश की उपलब्धियों के थ्री-डी सेल्फी बूथ लगाए जाएंगे। इस दौरान आगंतुकों के लिए प्रश्नोत्तरी के कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

### अनुभूति कार्यक्रम के तहत वन सुरक्षा कैम्प सियरमऊ में किया कार्यक्रम का आयोजन

# वन, वन्यप्राणी व विभागीय जानकारी से स्कूली विद्यार्थियों को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



स्कूलीं बच्चो को वन, वन्य प्राणियों व विभागीय जानकारी से अवगत कराने व गतिविधियो से रुबरु कराने को लेकर वन विभाग द्वारा अनुभूति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सामान्य वन मंडल की वन परिक्षेत्र पूर्व सिलवानी के वन सुरक्षा कैंप सियरमऊ में अनुभूति शिविर का आयोजन किया। जिसमें प्रश्नोत्तरी विधाए संपन्न की गई।

वनमंडल रायसेन सामान्य के अंतर्गत वन परिक्षेत्र पूर्व सिलवानी की परिसर सियरमऊ के वन सुरक्षा कैम्प में अनुभूति ईको शिविर का आयोजन में भी बाघ थीम पर किया गया। जिसमें उप वनमंडल अधिकारी सामान्य सिलवानी पीके रजक द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वन परिक्षेत्राधिकारी पूर्व सिलवानी आदर्श मिश्रा द्वारा 120 बच्चों को वन भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान वन्यप्राणियों के संरक्षण, संवर्धन एवं वन वर्धनिक कार्यों का प्रबंधन वन विभाग द्वारा कैसे किया जाता है बच्चों को समझाया गया।

एसडीओ पीके रजक ने वन एवं वन्यप्राणियों का महत्व तथा पर्यावरण को संतुलन बनाये रखने में वन और वन्य प्राणियों का क्या और कैसे योगदान है के सम्बन्ध में विस्तार से समझाया गया। बताया कि आक्सीजन तथा कार्बनडाई आक्साइड का संतुलन बनाये रखते हैं तथा बादलों के संघनन द्वारा वर्षा में वृद्धि, नदियों को स्वच्छ जल की सतत आपूर्ति, भौतिक रासायिनिक एवं ध्वनि प्रदूषण को कैसे नियंत्रित करते है। छात्र, छात्राओं को वनों में पाये जाने वाली लघु वनोपज के बारे में जानकारी दी। यहां पर अधिकारियो के द्वारा छात्र छात्राओ को वनों को अग्नि से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त रेंजर मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय पक्षी मोर, वृक्ष बरगद, पशु बाध के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यहां पाये जाने वाले बाघ के शरीर पर पाई जाने वाली काली धारियाँ एवं चेहरे के काले चिन्ह तथा पग चिन्ह प्रत्येक बाघ के अलग-अलग होते हैं।

### बच्चों को कराया वन भ्रमण

सियरमऊ के शासकीय विद्यालय के छात्र छात्राओं को वन भ्रमण कराया। वन भ्रमण के दौरान रेंजर श्री मिश्रा एवं वनपाल राममनोहर खरे, वन रक्षक रामकुमार रघुवंशी, पुष्पेन्द्र शर्मा, दीपक कौरव, ऋषि गुप्ता, कल्पना गौड़ के द्वारा छात्र छात्राओं को वन भ्रमण के दौरान अनेक जानकारी दी गई।

## *विदिशा-रायसेन जिले के सभी शासकीय कॉलेजों के प्रिंसिपल हुए शामिल*

### शिक्षा और समझ के बीच सामन्जस्य ज़रूरी

# नई शिक्षा नीति पर सांची विश्वविद्यालय में गहन परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/सलामतपुर



सांची बौद्ध-भारतीय अध्ययन विश्वविद्यालय में आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर विशेष परिचर्चा आयोजित की गई। नई शिक्षा नीति 2020 विषय पर केंद्रित परिचर्चा में रायसेन-विदिशा के सभी सरकारी कॉलेजों के प्रिंसिपलों को आमंत्रित किया था।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने कहा कि नई शिक्षा नीति को बेहद गहन चर्चा और अध्ययन के बाद लाया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है जब शिक्षा नीति में ज्ञान के साथ चरित्र को जोड़ा गया है। शिक्षा वो लाभप्रद है जो हमारे आचरण को संवारे। उन्होंने बताया कि सांची विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य ही मूल्यपरक और कौशल पर शिक्षा प्रदान करना है जो जो लोगों को नैतिकता के साथ-साथ रोज़गार के अवसर पैदा करे। प्रो. लाभ ने बताया कि विश्वविद्यालय जैन प्रेक्षा ध्यान परंपरा, बौद्ध विपश्यना ध्यान परंपरा, सांख्य दर्शन और अन्य परंपराओं पर आधारित पाठ्यक्रम भी प्रारंभ करेगा।'पराक्रम दिवस' पर विश्वविद्यालय में अनौपचारिक चर्चा में विदिशा-गुलाबगंज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव जैन ने कहा कि शिक्षा और समझ के बीच सामन्जस्य बैठाना ज़रूरी है ताकि समाज में बिखराव न हो। उहोंने कहा कि भ्रष्टाचार और बेइमानी सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे लोग कर रहे हैं वो भी अपने समाज, अपने ही लोगों के साथ चालाकी कर रहे हैं। ऐसे में यह आवश्यक होगा कि हमारी शिक्षा छात्रों को वह दृष्टिकोण दे कि हम क्या हैं।

### शिक्षा छात्रों को चालाक बना रही

डॉ. संजीव जैन ने ब्राज़ील के मशहूर शिक्षाविद पाउलो फ्रेयर का ज़िक्र किया जो यह कहते हैं कि शिक्षा हमेशा ज़मीन से विकसित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो शिक्षा छात्रों/लोगों को चालाक बना रही है वह शिक्षा अच्छी नहीं है जबकि शिक्षा ऐसी मिलनी चाहिए कि वो बुद्धिमत्ता पूर्ण लोग तैयार करे। जबकि, नियंत्रण होने पर चीज़ें स्वभाविक रूप से विकसित नहीं हो पाएंगी।

### अंधाधुंध विकास का पैमाना हमेशा सही नहीं होता

डॉ. जैन ने कहा कि अंधाधुंध विकास का पैमाना हमेशा सही नहीं होता बल्कि कई बार बुराई के पैमाने का नीचे आना भी विकास को प्रदर्शित करता है। उदाहरण के ज़रिए उन्होंने बताया कि किसी देश में अधिक अस्पताल, अधिक थाने होना स्वस्थ समाज का प्रतीक नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि बैंकिंग पद्दति और शिक्षा पद्धति में फर्क होना चाहिए। मानवीयता पैदा होनी चाहिए, संबंधों में प्रगाणता बढ़नी चाहिए। शिक्षा और नीति में फर्क होना चाहिए। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो ज्ञान दे और ज्ञान व्यक्ति के अंदर से ही आता है। उन्होंने कहा कि एकता में सौंदर्य नहीं है विभिन्नता में सौंदर्य है।

बेगमगंज, रायसेन की प्रिंसिपल डॉ. कल्पना जाम्बुलकर ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत आज कोई भी छात्र अपने मूल विषय के अतिरिक्त भी अन्य विषय पर पीएचडी कर सकता है। शासकीय कॉलेज विदिशा के प्रिंसिपल डॉ. महेंद्र जैन ने कहा कि शिक्षा की उन्नति का पैमाना यह होना चाहिए कि समाज में कितने संस्कार बढ़े हैं इसे कभी समाचार पत्रों में नहीं बताया जाता जबकि ये ज़रूर बताते हैं कि इस साल देश के कितने लोग अरबपति हो गए। वैकल्पिक शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रभाकर पांडे ने बताया कि कैसे नई शिक्षा नीति के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा से लोगों को अवगत कराया जा सकता है।

## गणतंत्र दिवस समारोह 2024 में

# मप्र की झांकी दर्शाएगी समृद्धि और महिला सशक्तिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

विकास का मूल मंत्र - आत्मनिर्भर नारी" पर केंद्रित मध्यप्रदेश की झांकी दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह की शोभा बढ़ाएगी। झांकी में प्रदेश की समृद्धि, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण का प्रदर्शन होगा। राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में राज्यों की झांकी के प्रेस प्रिव्यू में प्रदेश की कला और संस्कृति का मनमोहक संगम आकर्षण का केंद्र रहा।

प्रदेश की झांकी आत्मनिर्भर और प्रगतिशील नारीशक्ति पर केंद्रित है। आधुनिक सेवा क्षेत्र, लघु उद्योग और पारंपरिक क्षेत्र में समान रूप से सक्रिय प्रदेश की महिलाओं की उन्नति को इस झांकी में दर्शाया गया है। झांकी में खेत-खलिहान से लेकर एयरफोर्स में प्रदेश की नारियों की सशक्त सहभागिता का प्रदर्शन किया है। झांकी के अग्रभाग में भारतीय वायुसेना की प्रथम महिला फाइटर पायलट रीवा जिले की अवनी चतुर्वेदी मिग बाइसन लड़ाकू विमान के साथ दिखाई गई हैं। अग्रभाग के निचले हिस्से में गोंड चित्रकारी प्रदर्शित की गई है।

झांकी के मध्य भाग में महिला कलाकार मटके पर चित्रकारी का सजीव प्रदर्शन कर रही है। चंदेरी के बादल महल गेट की पृष्ठभूमि में बुनकर महिलाएं चंदेरी, महेश्वरी और बाघ प्रिंट साड़ियों का विक्रय के लिये प्रदर्शन कर रही हैं। मध्य भाग के निचले हिस्से में पद्मश्री से सम्मानित श्रीमती दुर्गाबाई की गोंड भित्ति चित्रकारी और साथ में स्टोन कार्विंग करते हुए महिला कलाकार दिखाई दे रही है।